नवसर्जन संस्कृति

RNI No.: UPHIN/25/A1698
NAVSARJAN SANSKRUTI

नवसर्जन संस्कृति

लखनऊ से प्रकाशित दैनिक

वर्ष : 01
अंक : 267
दि. 29.01.2026,
गुरुवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा

अजित पवार को श्रद्धांजलि: प्रधानमंत्री ने कहा- उनका आकस्मिक निधन बेहद स्तब्ध करने वाला और दुखद है

बारामती (जीएनएस)।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की बुधवार सुबह महाराष्ट्र के बारामती में विमान हादसे में मौत हो गई। लियरजेट-45 विमान, जिसमें कुल पांच लोग सवार थे, लैंडिंग के दौरान क्रैश हो गया। हादसे में किसी की जान नहीं बच सकी। अजित पवार के निधन से महाराष्ट्र और राष्ट्रीय राजनीति में सदमे की स्थिति है, जबकि प्रशासनिक स्तर पर हादसे के तकनीकी कारणों की तलाश जारी है।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार समेत पांच लोगों की मौत बुधवार सुबह पुणे जिले में एक विमान दुर्घटना में हो गई। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब विमान पुणे के बारामती में लैंडिंग कर रहा था। इस घटना से देश भर में शोक की लहर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी अजित पवार के निधन पर दुख जताया है।

देवेंद्र फडणवीस ने कहा, 'हमने राज्य में तीन दिन का शोक घोषित किया है। अजित पवार जैसा नेता खोना एक अपूरणीय क्षति है। महाराष्ट्र के लिए आज का दिन कठिन है। वह जन नेता थे। निजी जीवन में वह मेरे अच्छे मित्र थे। हमने साथ मिलकर कई चुनौतियों का सामना किया। जिस समय वह महाराष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे रहे थे, उसी समय उनका असामयिक निधन होना अत्यंत दुखद है। उन्हें महाराष्ट्र के कोने-कोने की जानकारी थी। यहां के हर मुद्दे से वो वाकिफ थे। अजित दादा संघर्षशील नेता थे। वे किसी भी परिस्थिति में डगमगाए बिना आगे बढ़ने वाले व्यक्ति थे। आज मेरा दमदार, दिलदार दोस्त मुझे छोड़कर चला गया। हम उनके परिवार के साथ खड़े हैं। मैं और एकनाथ शिंदे जी आज बारामती जाएंगे। मैंने इस घटना की जानकारी प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को दे दी है और उन्होंने भी इस पर दुख व्यक्त किया है।'

प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर भावुक पोस्ट में लिखा, 'बारामती, महाराष्ट्र में हुए दुखद विमान हादसे से बहुत दुख हुआ।

मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं जिन्होंने इस हादसे में अपने प्रियजन खो दिए। मैं इस क्षण में शोकग्रस्त परिवारों के लिए शक्ति और साहस की प्रार्थना करता हूं।'

पीएम मोदी ने लिखा, 'अजित पवार जी लोगों के नेता थे, जिनका जमीनी स्तर पर मजबूत संबंध था। उन्हें महाराष्ट्र के लोगों की सेवा में मेहनती और समर्पित व्यक्ति के रूप में व्यापक सम्मान मिला। प्रशासनिक मामलों की उनकी समझ और गरीब व वंचितों को सशक्त बनाने का उनका जुनून भी उल्लेखनीय था। उनका आकस्मिक निधन बेहद स्तब्ध करने वाला और दुखद है। उनके परिवार और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ॐ शांति।'

गृह मंत्री अमित शाह ने जताया दुख

वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा, 'आज एक दुःखद हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और ठऊअ के हमारे वरिष्ठ साथी अजित पवार जी को खो देने की सूचना से मन अत्यंत व्यथित है। अजित पवार जी ने बीते साढ़े तीन दशकों में जिस प्रकार महाराष्ट्र के हर वर्ग के कल्याण के लिए खुद को समर्पित किया, उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। वे जब भी मिलते थे, महाराष्ट्र की जनता के कल्याण संबंधी अनेक विषयों पर लंबी चर्चा करते थे। उनका निधन ठऊअ परिवार के साथ ही मेरे लिए भी व्यक्तिगत क्षति है। मैं पवार परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। शोक की इस घड़ी में पूरा ठऊअ शोक-संतप्त पवार परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। ॐ शांति शांति शांति।'

सीएम फडणवीस भी हुए भावुक

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक्स पर भी पोस्ट साझा किया और लिखा, 'जमीन से गहरा जुड़ाव रखने वाले जनता के नेता, मेरे मित्र और सहयोगी, उप-मुख्यमंत्री अजित दादा पवार की विमान दुर्घटना में मृत्यु की खबर अत्यंत हृदयविदारक है। यह आत्मा को झकझोर देने वाली घटना है। मन सुन्न हो गया है। अपनी भावनाएं शब्दों में व्यक्त करने की शक्ति नहीं बची है। मैंने अपने एक मजबूत और उदार मित्र को खो दिया। यह मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। ऐसी क्षति जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। आज का दिन महाराष्ट्र के लिए अत्यंत कठिन है। मैं दादा को हृदय से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हम उनके पूरे परिवार और एनसीपी परिवार के दुख में सहभागी हैं। इस दुर्घटना में चार अन्य लोगों ने भी अपनी जान गंवाई। हम उनके परिवारों के साथ भी समान रूप से शोक साझा करते हैं। मैंने अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। मैं शीघ्र ही बारामती के लिए रवाना हो रहा हूं।'

एकनाथ शिंदे क्या बोले?

अपने सहयोगी अजित पवार के निधन पर महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, 'यह महाराष्ट्र के लिए एक दुर्भाग्यपूर्ण दिन है। यह हमारे लिए और पूरे महाराष्ट्र के लिए एक दुखद घटना है। अजित दादा अपने वचन के पक्के आदमी थे। जब मैं मुख्यमंत्री था और वह उप मुख्यमंत्री थे, तब हमने टीम के रूप में काम किया। उसी दौरान हमने लाडली बहन योजना शुरू की थी, जिसमें अजित दादा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।'

राज ठाकरे भी हुए भावुक

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे भी अजित पवार के निधन पर भावुक हो गए। उन्होंने एक लंबे पोस्ट में लिखा, 'राज्य के उपमुख्यमंत्री और मेरे मित्र अजित पवार के निधन की खबर ने मुझे स्तब्ध कर दिया। महाराष्ट्र की राजनीति ने आज एक उत्कृष्ट और प्रभावशाली नेता को खो दिया है। अजित पवार और मैंने लगभग एक ही दौर में राजनीति की शुरूआत की, भले ही हमारी जान-पहचान कुछ समय बाद हुई, लेकिन राजनीति के प्रति उनके अद्भुत जुनून ने उन्हें महाराष्ट्र के राजनीतिक क्षितिज पर बहुत तेजी से आगे बढ़ाया। वे पवार साहब की परंपरा में ढले नेता थे, परंतु उन्होंने अपनी अलग पहचान गढ़ी और वह पहचान महाराष्ट्र के हर कोने तक गूंजती रही। मेरे परिवार और मैं पवार परिवार के दुख में सहभागी हैं। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की ओर से अजित पवार को विनम्र श्रद्धांजलि।'

अजित पवार के निधन के तुरंत बाद सरकार का ऐलान, बारामती में होगा ये बड़ा काम

महाराष्ट्र की राजनीति का 'पावर सेंटर' और 'जनता का दादा' खामोश हो गया है। डिप्टी सीएम अजित पवार के असामयिक निधन ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया है। उनके सम्मान में बारामती में एक भव्य स्मारक बनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह स्मारक अजित पवार के प्रशासनिक कौशल और उनके विकास कार्यों की याद दिलाता रहेगा।

अजित पवार का अंतिम संस्कार कल सुबह 11 बजे उनके पैतृक गांव काटेवाड़ी (बारामती) में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। उनके पार्थिव शरीर को आज शाम से ही विद्या प्रतिष्ठान के मैदान में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। अजित पवार के बिना महाराष्ट्र की राजनीति की कल्पना करना मुश्किल है।

कृषि मंत्रालय ने तमिलनाडु में एफपीओ को मजबूत करने के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया: श्री शिवराज सिंह चौहान

समिति का गठन एफपीओ के शासन, बाजार संबंधों एवं मूल्यवर्धन के लिए किया गया
रिपोर्ट दो महीने के अंदर प्रस्तुत किया जाएगा; आईसीएआर-एनआरसीबी संस्थागत सहयोग प्रदान करेगा

(जीएनएस)।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने तमिलनाडु में किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को मजबूत करने, उनकी कार्यप्रणाली की समीक्षा करने तथा उनके विस्तार एवं पहुंच को बेहतर बनाने के उपायों की सिफारिश करने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। इस पहल को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के हस्तक्षेप के बाद शुरू किया गया है, जिन्होंने तमिलनाडु के इरोड की अपनी हाल की यात्रा के दौरान एफपीओ के सामने उत्पन्न हो रही समस्याओं पर ध्यान केंद्रीत किया और व्यापक एवं जमीनी स्तर पर किए गए आकलन के माध्यम से इन समस्याओं का समाधान करने के लिए समयबद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया।

यह निर्णय श्री शिवराज सिंह चौहान की हालिया एरोड यात्रा के बाद लिया गया है, जिस दौरान किसानों एवं हितधारकों के साथ एफपीओ द्वारा सामना की जा रही परिचालन, तकनीकी एवं बाजार संबंधी चुनौतियों पर चर्चा की गई। इन सुझावों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए, मंत्रालय ने राज्य में एफपीओके प्रदर्शन का अध्ययन करने एवं सुधारात्मक उपाय सुझाने के लिए समिति के गठन को मंजूरी प्रदान की है।

इस समिति में नाबार्ड, नाफेड, एसएफएसी-तमिलनाडु, आईसीएआर-राष्ट्रीय केला अनुसंधान केंद्र (एनआरसीबी), एफएपीओ के प्रतिनिधि, गैर सरकारी संगठन एवं कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी शामिल हैं, जो एक व्यापक और जमीनी स्तर पर मूल्यांकन सुनिश्चित करेंगे। यह समिति एफएपीओ को प्रभावित करने वाले प्रमुख मुद्दों की जांच करेगी, जिनमें संस्थागत शासन एवं प्रबंधन पद्धतियां, व्यावसायिक परिचालन एवं स्थिरता, तकनीकी सहायता एवं विस्तार संपर्क, एकत्रीकरण, मूल्यवर्धन एवं विपणन चुनौतियां, साथ ही क्षमता निर्माण एवं मार्गदर्शन संबंधी आवश्यकताएं शामिल हैं।

गोरखपुर में सीएम योगी करेंगे अदाणी सीमेंट फैक्ट्री का भूमि पूजन, 4200 करोड़ का निवेश और 6500 लोगों को मिलेगा रोजगार

(जीएनएस)।

गोरखपुर। दक्षिणांचल क्षेत्र में विकसित हो रही धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप जल्द ही औद्योगिक गतिविधियों का बड़ा केंद्र बनने जा रही है। देश के प्रमुख औद्योगिक समूहों को भूमि आवंटन के बाद अब शिलान्यास और भूमि पूजन की तैयारियां तेज हो गई हैं। खास बात यह है कि अदाणी ग्रुप की सीमेंट फैक्ट्री का भूमि पूजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों फरवरी में प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री की उपस्थिति को लेकर गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

गीडा द्वारा अदाणी समूह को अंबुजा सीमेंट की यूनिट के लिए 46.63 एकड़ औद्योगिक भूमि आवंटित की गई है। वहीं, केयान ग्रुप से जुड़ी श्रेयश डिस्टिलरी-एनर्जी लिमिटेड को 60.48 एकड़ भूमि आवंटन किया गया है। इन दोनों निवेश प्रस्तावों के माध्यम से करीब 4200 करोड़ रुपये का निवेश आने का अनुमान है, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 6500 लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। अदाणी ग्रुप की सीमेंट फैक्ट्री के भूमि पूजन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की औद्योगिक विकास नीति का अहम पड़ाव माना जा रहा है।

इसके साथ ही केयान ग्रुप के डिस्टिलरी प्लांट के भूमि पूजन को लेकर भी तैयारियां चल रही हैं। औद्योगिक टाउनशिप में निवेशकों की बढ़ती रुचि का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने भी 300 करोड़ रुपये के निवेश से कैंपा कोला कोल्ड ड्रिंक ब्रांड की यूनिट स्थापित करने के लिए करीब 50 एकड़ भूमि पसंद की है। इसके आवंटन की प्रक्रिया जल्द पूरी होने की संभावना है।

संक्षिप्त समाचार

अजित पवार के निधन के तुरंत बाद शरद पवार अस्पताल में भर्ती, कैसी है कंडीशन?

महाराष्ट्र की राजनीति से आज एक बहुत ही दुखद और चौंकाने वाली खबर सामने आई है। राज्य के उपमुख्यमंत्री और एनसीपी (NCP)

प्रमुख अजित पवार का बुधवार सुबह एक विमान दुर्घटना में निधन हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब वे मुंबई से बारामती जा रहे थे। इस खबर के बाद से पूरे देश और महाराष्ट्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

अजित पवार के निधन की खबर उनके चाचा और दिग्गज नेता शरद पवार को देने से पहले काफी सावधानी बरती गई।

बताया जा रहा है कि शरद पवार की उम्र और सेहत को देखते हुए उन्हें मुंबई के एक अस्पताल में एहतियाती तौर पर भर्ती कराया गया।

केन्द्रीय मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, नई दिल्ली में भारत रंग महोत्सव का उद्घाटन किया

केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने मंगलवार शाम नई दिल्ली के मंडी हाउस स्थित नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) में एक भव्य समारोह में दुनिया के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय रंगमंच समारोह, भारत रंग महोत्सव (बीआरएम) 2026 के 25वें संस्करण का उद्घाटन किया।

समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए, मंत्री ने भारत रंग महोत्सव की भूमिका पर जोर दिया, जो भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं, कहानियों और कलात्मक अभिव्यक्तियों को दुनिया भर के दर्शकों से जोड़ने वाला एक शक्तिशाली मंच है।

महाराष्ट्र में क्या तीन दिन बंद रहेंगे स्कूल और बैंक? सीएम फडणवीस ने दिया अपडेट

(जीएनएस)।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (ठउढ) प्रमुख अजित पवार का चार्टर्ड विमान बारामती हवाई अड्डे के करीब दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस भीषण हादसे में अजित पवार समेत विमान में सवार सभी पांचों की मौत हो गई। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और कद्दावर नेता अजीत पवार के निधन के बाद राज्य में तीन दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की गई है।

इस भयावह घटना के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने तीन दिनों के राजकीय शोक और एक राज्यव्यापी अवकाश की घोषणा के साथ ही छात्रों और अभिभावकों के बीच स्कूल बंद होने की अवधि को लेकर भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। वहीं ये भी सवाल उठ रहा है कि क्या महाराष्ट्र में तीन दिन तक बैंक भी बंद रहेंगे?

क्या महाराष्ट्र में तीन दिन तक बंद रहेंगे स्कूल?

66 वर्षीय पवार के निधन के बाद महाराष्ट्र सरकार ने यह निर्णय लिया है कि सरकारी कार्यालय और स्कूल बंद रहेंगे, साथ ही राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक राजकीय अवकाश घोषित किया है, जिसके चलते महाराष्ट्र के सभी सरकारी और निजी स्कूल और कार्यालय 28, 29 और 30 जनवरी, 2026 तक बंद रहेंगे। अजित पवार की मौत पर भावुक सुप्रिया सुले ने लिखा ये शब्द, क्या इसी बहन के कारण चाचा शरद पवार से दूर हुए थे?

अजित पवार की मौत पर भावुक सुप्रिया सुले ने लिखा ये शब्द, क्या इसी बहन के कारण चाचा शरद पवार से दूर हुए थे?

महाराष्ट्र में झुका रहेगा राष्ट्रीय ध्वज

आधिकारिक सरकारी अधिसूचना के अनुसार, राज्य 28 जनवरी से 30 जनवरी, 2026 तक शोक मनाया जा रहा है। इस अवधि के दौरान, सभी सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और राज्य में कोई भी आधिकारिक समारोह या मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित नहीं होगा। मुख्य सचिव के अपने आदेश में कहा पूरे महाराष्ट्र राज्य में उन सभी भवनों पर आधा झुका रहेगा, जहां इसे नियमित रूप से फहराया जाता है, और इस अवधि के दौरान कोई आधिकारिक मनोरंजन नहीं होगा।"

क्या महाराष्ट्र में बैंक भी तीन दिन तक बंद रहेंगे?

29 जनवरी की तारीख तो आज बीत चुकी है। बाकी 29 और 30 जनवरी की बात की जाए तो आमतौर पर राजकीय शोक के दौरान बैंक लगातार 3 दिन बंद नहीं रहते, जब तक कि निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट के तहत विशेष अधिसूचना न जारी की जाए।

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री का निधन: सीएम योगी बोले- हृदय विदारक घटना, अखिलेश-मायावती ने भी जताया शोक

लखनऊ, (जीएनएस)। विमान हादसे में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के निधन ने राजनीतिक जगत को हिलाकर रख दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित बसपा सुप्रीमो मायावती व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी उनके निधन पर शोक जताया है।

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार का विमान हादसे में निधन हो गया। इस घटना ने राजनीतिक जगत को हिलाकर रख दिया। हादसे में चार अन्य लोगों की भी जान चली गई। निजी विमान एयरपोर्ट पर उतरते समय क्रैश हुआ है।

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने श्रद्धांजलि देते हुए एक्स पर कहा कि महाराष्ट्र के बारामती में हुए दुर्भाग्यपूर्ण विमान हादसे में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार एवं अन्य सदस्यों का निधन अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के

साथ हैं।

प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्माओं को सद्गति एवं शोकाकुल परिवार को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ॐ शांति।

अजित पवार के निधन पर बसपा सुप्रीमो मायावती व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी शोक व्यक्त किया है और श्रद्धांजलि दी।

बसपा सुप्रीमो ने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री तथा महाराष्ट्र की राजनीति के दिग्गज नेताओं में से एक नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के नेता अजित पवार का आज बारामती में विमान हादसे में हुई मौत अति-दुखद है। उनके परिवार तथा उनकी पार्टी के लोगों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। कुदरत उन सबको इस दुख को सहन करने की शक्ति दे।

घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ मौजूद हैं। विमान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है।

अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद से ही एविएशन सेक्टर की सुरक्षा पर सवाल, इस बीच जयपुर में एयर इंडिया फ्लाइट की लैंडिंग फेल

(जीएनएस)।

अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद से ही एविएशन सेक्टर की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। बुधवार को महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की विमान हादसे में मौत हो गई। इस बीच जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक बड़ा हादसा टल गया। दिल्ली से जयपुर आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट अक-1719 की लैंडिंग करने में मुश्किल आई थी।

सूत्रों के अनुसार, दोपहर करीब 1:05 बजे जब विमान ने पहली बार रनवे पर उतरने की कोशिश की, तो उसके पहियों ने रनवे को छुआ था। हालांकि, सुरक्षित स्थिति नहीं देखकर पायलट ने तुरंत गो-अराउंड का फैसला लिया। पायलट की सूझबूझ से कोई बड़ा हादसा होने से पहले ही टल गया।

- जानकारी के मुताबिक, रनवे पर विमान लैंड नहीं हो सका, तो दोबारा हवा में उठाया गया। करीब 10 मिनट तक आसमान में चक्कर लगाने के बाद दूसरी कोशिश में सुरक्षित लैंडिंग कराई गई।

- विमान के अचानक रनवे छूकर फिर उड़ान भरने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन यात्रियों को क्रू मेंबर्स ने संभाला।

- हालांकि पायलट की सूझबूझ और तय सुरक्षा प्रक्रियाओं की वजह से सभी 135 यात्री पूरी तरह सुरक्षित रहे। इस फ्लाइट में कांग्रेस नेता और गुरदासपुर से सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा भी सवार थे।

नवसर्जन संस्कृति
हिन्दी

JioTV
CHENNAL NO.
2063

Jio Air Fiber
Jio Tv +
Jio Fiber
Daily Hunt
ebaba Tv
Dish Plus
DTH live OTT
Rock TV
Airtel
Amezone Fire
Rocu Tv-US.UK

देश-दुनिया के नवीनतम समाचार
प्राप्त करने के लिए आज ही
नवसर्जन संस्कृति हिंदी चेनल देखिये

पश्चिम रेलवे चलाएगी साबरमती-बीकानेर और पोरबंदर-जोधपुर के बीच वन-वे स्पेशल ट्रेनें

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए साबरमती-बीकानेर और पोरबंदर-जोधपुर के बीच विशेष किराये पर दो वन-वे स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इन स्पेशल ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है:

- ट्रेन संख्या 09491 साबरमती-बीकानेर वन-वे स्पेशल

ट्रेन संख्या 09491 साबरमती-बीकानेर वनवे स्पेशल शुक्रवार, 30 जनवरी 2026 को साबरमती से 17.50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 06.30 बजे बीकानेर पहुंचेगी।

मार्ग में यह ट्रेन महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, मारवाड़, जोधपुर एवं नागौर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास के कोच होंगे।

- ट्रेन संख्या 09291 पोरबंदर-जोधपुर वन-वे स्पेशल

ट्रेन संख्या 09291 पोरबंदर-जोधपुर स्पेशल रविवार, 01 फरवरी 2026 को पोरबंदर से 19.40 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 13.00 बजे जोधपुर पहुंचेगी।

यह ट्रेन मार्ग में वांसजालिया, लालपुर जाम, जामनगर, हापा, राजकोट, वांकानेर, सुरेंद्रनगर, विरमगाम, महेसाणा, पाटन, भीलड़ी, धानेरा, रानीवाड़ा, मारवाड़ भीनमाल एवं समदड़ी स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास के कोच होंगे।

ट्रेन संख्या 09491 और 09291 की बुकिंग 29 जनवरी,2026 सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www. enquiry. indianrail. gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

पंजाब की आप सरकार के मुख्यमंत्री भगवंत मानजी का अहमदाबाद में आगमन

गुजरात में आप का संगठन मजबूत, गांव-गांव और शहरों में बड़ी-बड़ी सभाएं हो रही हैं: भगवंत मान

विसावदर उपचुनाव में गोपाल इटालिया की जीत एक बड़ा संकेत: भगवंत मान

अरविंद केजरीवालजी का शिक्षा और स्वास्थ्य का मॉडल, जिसे पंजाब में भी लागू किया गया है, उसे गुजरात में भी लागू करेंगे: भगवंत मान

SIR की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं तो चुनाव आयोग को सामने आकर संतोषजनक कदम उठाने चाहिए: भगवंत मान

SIR द्वारा यदि नकली जनता बनाई जाती रही तो फिर लोकतंत्र कैसे बचेगा?: भगवंत मान

UGC मुद्दे पर यदि कोई सवाल उठ रहे हैं तो उस पर संतोषजनक निरीक्षण होना चाहिए: भगवंत मान

पंजाब ने सबसे अधिक बलिदान दिए हैं और अनाज की कमी के समय ग्रीन रिवोल्यूशन में भी पंजाब का बड़ा योगदान रहा, फिर भी आज तक पंजाब के पास अपनी राजधानी नहीं है: भगवंत मान

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवारजी की आत्मा को भगवान शांति दे: भगवंत मान

अहमदाबाद/गुजरात

पंजाब की अअढ सरकार के मुख्यमंत्री भगवंत मानजी का आज शाम अहमदाबाद में आगमन हुआ। इस दौरान आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष इसुदान गढ़वी, विधायक गोपाल इटालिया, विधायक चैतर वसावा, प्रदेश संगठन महामंत्री मनोज सोरठिया और प्रदेश मुख्य प्रवक्ता डॉ. करन बारोट सहित बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री भगवंत मान का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अजित पवार का एक गंभीर दुर्घटना में निधन हुआ है। ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को शांति प्राप्त हो और हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। वर्तमान में गुजरात में हमारी पार्टी का संगठन बहुत मजबूत रूप से खड़ा हुआ है। गांव-गांव जनसभाएं हो रही हैं और बड़े शहरों में भी लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गुजरात की जनता अब बदलाव चाहती है। अब तक जो माहौल हमने देखा है, उससे स्पष्ट होता है कि गुजराती जनता कुछ नया चाहती है। कांग्रेस तो यहां लगभग नजर ही नहीं आती। विसावदर से गोपाल इटालिया की शानदार जीत और वह भी बड़े मार्जिन से, आम आदमी पार्टी के लिए एक बहुत ही सकारात्मक संकेत है और हम और अधिक मेहनत के साथ काम करेंगे। अरविंद केजरीवालजी का स्वास्थ्य और शिक्षा का जो मॉडल है, उसे हमने दिल्ली और पंजाब में सफलतापूर्वक लागू किया है, उसी तरह गुजरात में भी घर-घर तक पहुंचाएंगे।

रक्ष मुद्दे पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि यदि किसी भी राजनीतिक पार्टी को, चाहे वह राष्ट्रीय पार्टी हो या राज्य स्तरीय पार्टी, किसी भी प्रकार की आपत्ति या शंका हो, तो चुनाव आयोग को स्वयं आगे आकर स्पष्टीकरण देना चाहिए। चुनाव आयोग को ह्व72 घंटे में माफी मांगोह्व जैसी शर्तें नहीं रखनी चाहिए या दबावपूर्ण निर्देश नहीं देने चाहिए, बल्कि पारदर्शी और विश्वसनीय तरीके से पूरी प्रक्रिया की जनता के सामने संतोषजनक जांच करनी चाहिए। यदि रक्ष द्वारा नकली जनता बनाई जाती रही तो फिर लोकतंत्र कैसे बचेगा? यह तो लोकतंत्र के लिए खतरनाक बात है। वक्ष मुद्दे पर उन्होंने कहा कि वक्ष बड़ी-बड़ी यूनिवर्सिटियों और बड़ी परीक्षाओं का आयोजन करता है। मेरा स्पष्ट कहना है कि किसी भी मुद्दे पर यदि किसी को आपत्ति हो—चाहे वह शैक्षणिक संस्थाएं हों, चुनाव आयोग हो या कोई अन्य संवैधानिक संस्था—तो स्पष्टीकरण देना और संतोष प्रदान करना उनकी जिम्मेदारी है।

इसके अलावा मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि अब यदि पंजाब की बात करें तो देश के लिए सबसे अधिक बलिदान देने वाले राज्यों में पंजाब अग्रणी रहा है। जब देश को अनाज की जरूरत पड़ी, तब पंजाब के किसानों ने ग्रीन रिवोल्यूशन कर अनाज के भंडार भर दिए। फिर भी आज तक पंजाब की अपनी राजधानी नहीं है। चंडीगढ़, जो पंजाब और हरियाणा की संयुक्त राजधानी है, वास्तव में पंजाब का अधिकार बनता है। यह मुद्दा पहले भी कई बार उठ चुका है। पंजाब के पास अपनी अलग हाईकोर्ट नहीं है। जबकि नॉर्थ-ईस्ट के छोटे-छोटे राज्यों के पास भी अपनी हाईकोर्ट है। इस कारण मामलों की पेंडेंसी बहुत बढ़ गई है और व्यवस्था पर भारी बोझ है। आज के समय में कोई भी राज्य ऐसा नहीं होना चाहिए जिसकी अपनी राजधानी न हो। चंडीगढ़ पंजाब की ही राजधानी है और पंजाब की ही राजधानी होनी चाहिए।

जश्न-ए-आजादी ट्रस्ट ने हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस का महा उत्सव

लखनऊ।

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जश्न-ए-आजादी ट्रस्ट द्वारा हजरतगंज स्थित हनुमान मंदिर के समीप भव्य झंडारोहण समारोह का आयोजन किया गया। विविध धर्मगुरुओं की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को राष्ट्रीय एकता, सौहार्द और भाईचारे का जीवंत उदाहरण बना दिया।

धर्मगुरुओं की मौजूदगी में विधिवत झंडारोहण के पश्चात लड्डू वितरण किया गया तथा देश की एकता, अखंडता और अमन-चैन के लिए विशेष दुआ की गई। इस अवसर पर जश्न-ए-आजादी ट्रस्ट के अध्यक्ष मुरलीधर आहूजा ने गणतंत्र दिवस को देश का सबसे बड़ा पर्व बताते हुए सभी नागरिकों से इसे पूरे हर्ष, उल्लास और देशभक्ति के साथ मनाने का आह्वान किया।

झंडारोहण समारोह में प्रमुख रूप से मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, हरपाल सिंह जग्गी, फादर, वेद व्रत बाजपेई सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।शाम को भारत पर्व का भव्य आयोजन

शाम के समय हजरतगंज मल्टीलेवल पार्क के बाहर भारत पर्व के रूप में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। देशभक्ति गीतों, मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों, हास्य कार्यक्रम, कवि सम्मेलन, मुशायरा, जादू शो एवं सम्मान समारोह ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे समाज में एकता और सौहार्द का सशक्त प्रतीक बताया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित भी किया गया।

इस सफल आयोजन को ऐतिहासिक बनाने में मुर्तजा अली, जुबैर अहमद, अब्दुल वहीद, वामिक खान एवं महेश दीक्षित का विशेष योगदान रहा। बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने अपनी सहभागिता से इस राष्ट्रीय उत्सव को यादगार बना दिया।

रायबरेली जनपद के विकास क्षेत्र सलोन के प्राथमिक विद्यालय गौवा बाजार में जांची गई भाषा व गणित की दक्षता

रायबरेली के सलोन विकास क्षेत्र में स्थित प्राथमिक विद्यालय गौवा बाजार ने शैक्षिक गुणवत्ता के मामले में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की टीम द्वारा भाषा व गणित की दक्षता का आकलन कर शैक्षणिक प्रगति को सुनिश्चित किया गया।

डीएलएड प्रशिक्षु अमित मिश्रा एवं अभिषेक श्रीवास्तव ने निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया। कक्षा 1 में नामांकित 11 छात्रों के सापेक्ष 10 और कक्षा 2 में नामांकित 17 छात्रों के सापेक्ष 12 छात्रों का आकलन किया गया जिसमें कक्षा एक से 10 के सापेक्ष 10 छात्र एवं कक्षा 2 में आकलित 12 छात्रों के सापेक्ष सापेक्ष 12 छात्र आकलन में दक्ष/निपुण पाए गए। आकलित कुल 22 विद्यार्थियों में 22 छात्रों की भाषा व गणित की दक्षता का आंकलन किया गया जिसमें की स्कूल की बेहतरीन शैक्षिक गुणवत्ता को प्रमाणित करता है।

विद्यालय के प्रधान अध्यापक मोहम्मद वसीम के अनुसार यह सफलता हमारे विद्यालय के शिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है इस उपलब्धि में डफ्ढ संदीप सिंह एवं तुलसीराम अफ्ढ गौरव शर्मा,कृष्ण कुमार वैश्य के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षक सै0 साजिद अली जैदी,बीना,बबली गुप्ता,अजय प्रताप सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही यह परिणाम विद्यालय में चल रहे गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्यक्रम के सफलता को दशार्ता है।

चामुंडा कॉलोनी में 28 लाख से बनेगी आरसीसी सड़क : पार्षद ने किया शुभारंभ

-जनता बोली पार्षद ने किया वादा पूरा, पटुका और माला पहनाकर किया स्वागत

मथुरा (जीएनएस)। नगर निगम के वार्ड नंबर 36 जयसिंहपुरा की चामुंडा कॉलोनी में करीब 28 लाख से बनने वाली आरसीसी सड़क का शुभारंभ कैबिनेट पार्षद सदस्य राकेश भाटिया ने विधि-विधान से नारियल फोड़कर किया। सड़क निर्माण में बाधा बन रहे अतिक्रमण को जेसीबी से तुड़वाकर चौड़ीकरण कराया गया। इस मौके पर पार्षद का स्थानीय लोगों ने पटुका और माला पहनाकर स्वागत किया। इस बीच सभी लोगों के चेहरे पर साफ खुशी दिखाई दे रही थी कि आखिरकार पार्षद ने किया वादा पूरा कर दिया। इस मौके पर पार्षद ने बताया कि दोनों तरफ नाली और इंटरलॉकिंग लगेंगी तो मध्य में आरसीसी सड़क बनाई जाएगी। इस मौके पर पार्षद का स्वागत करने वालों में भाजपा नेता ब्रजबिहारी जादौन, पूर्व सभासद सत्येंद्र शर्मा, मुरारी ठाकुर, मनीष अग्रवाल, जीतू ठाकुर, महेश अग्रवाल, कृष्णा ठाकुर, विनय अग्रवाल, उमेश शर्मा, गौरव शर्मा, सनी ठाकुर, विक्रांत गौड़, सोनू कुमार और ठेकेदार राकेश सारस्वत मौजूद रहे।

टाइम्स कॉन्वेंट स्कूल में धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

सलोन, रायबरेली । कस्बे के प्रतिष्ठित टाइम्स कॉन्वेंट स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। विद्यालय के प्रबंधक अनीस अहमद ने ध्वजारोहण कर उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

प्रधानाचार्य शमीम अहमद ने अपने संबोधन में देश की प्रगति में शिक्षा की अहम भूमिका पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से देश का जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनने का आह्वान किया।

विद्यालय की ओर से निकाली गई भव्य परेड कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। परेड स्कूल प्रांगण से प्रारंभ होकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन तक पहुंची। इस दौरान छात्रों ने अनुशासन, एकता और जोश का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए मार्ग में लोग जुटे रहे।

इसके पश्चात आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों ने देशभक्ति गीतों, नृत्य और रंगारंग प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया और माहौल पूरी तरह देशभक्ति से सराबोर हो गया।

इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य दिलशाद सर ने घोषणा की कि विद्यालय में आगामी दो दिनों तक नए प्रवेश पर 50 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। साथ ही उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं की जानकारी भी साझा की।

कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की सक्रिय सहभागिता रही। पूरे परिसर में उत्साह और राष्ट्रप्रेम का वातावरण देखने को मिला। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

बहन जी के मान सम्मान और आशा पर पूरा खडरा उतरूंगा-हरि प्रकाश निषाद

हरिप्रकाश निषाद जी को जिला अध्यक्ष बनाना बहन जी का ऐतिहासिक फैसला..... जावेद सिमनानी

गोरखपुर 28 जनवरी 2026 को बहुजन समाज पार्टी मंडल कार्यालय पर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष आयरन लेडी बहन सुश्री मायावती जी के द्वारा नव नियुक्त जिला अध्यक्ष माननीय हरि प्रकाश निषाद जी को बहुजन समाज पार्टी के कार्यकताओं ने जिला महासचिव परमेश्वर शर्मा उर्फ छोटू सहारा के नेतृत्व में जोरदार स्वागत व खैरमकदम किया ।इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी श्री जावेद सिमनानी मौजूद रहे। कार्यकताओं का जोश को देखते हुए श्री जावेद सिमनानी ने कहा कि बहन जी ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बैकवर्ड समाज के नेता आदरणीय हरिप्रकाश निषाद जी को गोरखपुर जनपद का जिला अध्यक्ष बनाया है यह पूरे पिछड़े समाज का सम्मान है आदरणीय हरिप्रकाश निषाद जी के गोरखपुर जिले का जिला अध्यक्ष बनने से कार्यकताओं में बहुत उत्साह और जोश है आने वाले दिनों में गोरखपुर की 9 की 9 सीट बहुजन समाज पार्टी जीत कर बहन जी की झोली में डालेगी। इस मौके पर कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष श्री हरिप्रकाश निषाद जी ने कहा की माननीया बहन जी ने जिस विश्वास के साथ मुझको गोरखपुर का ज़िला अध्यक्ष नियुक्त किया है मैं उस विश्वास पर तन मन धन से पूरा खरा उतरूंगा और कार्यकताओं के मान सम्मान के लिए अपनी जान लड़ा दूंगा । इस मौके पर पूर्व प्रत्याशी चौरी चौरा श्री वीरेंद्र पांडे ने भी श्री हरिप्रकाश निषाद जी को बधाई दी और कहा कि यह फैसला पूर्वांचल में बहुजन समाज पार्टी को काफी मजबूती प्रदान करेगा ।

इस मौके पर पूर्व में जिलाध्यक्ष रहे श्री घनश्याम राही जी का भी मंडल कोऑर्डिनेटर बनाए जाने पर कार्यकताओं ने स्वागत किया। कार्यक्रम में सर्वश्री जावेद सिमनानी(पूर्व लोकसभा प्रत्याशी-गोरखपुर), जितेंद्र नीरज मंडल प्रभारी,ओमनारायण पांडे, विद्यानंद यादव, इंद्रजीत निषाद जिलापंचायत सदस्य, दारा सिंह निषाद, राजकपूर निषाद, विनोद निषाद अरविंद सिंह सिराजुद्दीन, अमरचंद दूबे, रामदेव पासवान, वाजिद अली, रामगति निषाद, राजेंद्र राजभर नवल किशोर नथानी, संदेश कन्नौजिया मो असलम, ख्वाजा शमसुद्दीन, संगम, मोहन, अनिल प्रताप बौद्ध विमल कांत गौतम, महानंद गौतम, सुनील कुमार भारती, रामू भारती, जयकार प्रसाद, रामू प्रसाद, अमित चंद्र गौतम, दीपक कुमार, सुरेश प्रसाद, देवकीनंदन, हरीशचंद गौतम, एजाज अहमद सहित हजारों कार्यकर्ता पदाधिकारी समर्थक उपस्थित रहे।

अज्ञात बदमाशों ने 35 भेड़ों को किया पार, पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया

खखरेरू/फतेहपुर थाना क्षेत्र के बरैयपुर गांव के पास बनी पानी टंकी के समीप अज्ञात बदमाशों ने रात्रि के अंधेरे में चरवाहों की 35 भेड़ों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अरविंद निवासी खैरई गडरियन का पुरवा एवं वीरेंद्र निवासी नसीरपुर अपनी भेड़ों को चराने के लिए खंतवा की ओर गए हुए थे। वापसी के दौरान अंधेरा हो जाने के कारण दोनों चरवाहे बरैयपुर गांव के किनारे बनी पानी टंकी के पास भेड़ों को बैठाकर खाना-पीना खाकर वहीं सो गए।

पीड़ितों के अनुसार रात्रि लगभग 1 से 2 बजे के बीच अज्ञात बदमाश एक पिकअप वाहन से मौके पर पहुंचे और 35 भेड़ों को वाहन में लादकर फरार हो गए। चरवाहों ने बताया कि उनके पास कुल 140 भेड़ें थीं, जिनमें से 35 भेड़ों को बदमाश ले गए।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बदमाशों की तलाश शुरू की। पुलिस द्वारा संभावित रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। इस मामले में अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी विद्या प्रकाश सिंह ने बताया कि घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच की जा रही है तथा जल्द ही आरोपियों का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी।

कोतवाली पुलिस ने दबोचा शातिर वाहन चोर :

चोरी की बाइक हुई बरामद

मथुरा (जीएनएस)। थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित रेलवे अस्पताल के पास से पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी विनोद बाबू मिश्र और चौकी प्रभारी धौली प्याऊ अरविंद सिवाच पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि रेलवे अस्पताल के पास खंडहर रेलवे क्वार्टर के निकट एक शातिर वाहन चोर खड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी विनोद बाबू मिश्र और चौकी प्रभारी अरविंद सिवाच पुलिस टीम के साथ वहां पहुंच गए। पुलिस को देखते ही वहां खड़ा शातिर वाहन चोर भागने लगे। पुलिस टीम ने भागने का प्रयास कर रहे शातिर वाहन चोर राहुल पुत्र अनवर निवासी गोपालपुरा थाना हाईवे को घेराबंदी करके दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए शातिर के कब्जे से चोरी की एक बाइक बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करके जेल भेज दिया है।

गोविंदनगर पुलिस ने अवैध हथियार समेत एक बदमाश पकड़ा

मथुरा (जीएनएस)। थाना गोविंदनगर क्षेत्र स्थित संत रविदास बगीची के पास से पुलिस ने अवैध हथियार समेत एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी गोविंदनगर रवि त्यागी और चौकी प्रभारी मसानी महेन्द्र सिंह पुलिस टीम के साथ संदिग्धों की चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि पुरानी रेलवे लाइन संत रविदास बगीची के पास एक बदमाश अवैध हथियार लेकर खड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रवि त्यागी और चौकी प्रभारी महेन्द्र सिंह पुलिस टीम के साथ वहां पहुंच गए। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे बदमाश राजा बाबू उर्फ राजा खांन पुत्र रशीद खांन निवासी कच्ची सड़क, बैरागपुरा विसायती खिड़की थाना गोविन्दनगर को घेराबंदी करके दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए शातिर की तलाशी ली तो उसके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुए।

RNI No.: UPHIN/25/A1698 Published & Owned by RAGINI JIGNESHKUMAR VAGHELA and Printed By SUSHILA SHUKLA at Krishna Printiers, 271/31 Chakmaki Dugawa, Rajendranagar, Lucknow-226018, Uttar Pradesh.
and Published from 538 GHA/85 Pataurganj, Near Janki Prasad Dharmshala, Sitapur Road, Niralanagar, Lucknow-226020, Uttar Pradesh. Editor : VINOD KUMARI
Regd.Office : B/13, Sneh Plaza Shopping Center, I.O.C. Road, Chandkheda, Ahmedabad - 382 424 Gujarat,India. Phone : (o) 7698333307 (M) 8485951747,7096333307
Email:navsarjansanskruti2016@gmail.com*navsarjansanskruti2016@yahoo.com*Website : www.navsarjansanskruti.com

सम्पादकीय

यूजीसी के नये नियमों का तीखा विरोध

यूजीसी के नए नियमन से उबाल क्यों है विरोध का बड़ा कारण यह है कि समता समिति में एससी, एसटी, विकलांग, महिला और ओबीसी सदस्य होने के कारण उनके छात्रों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो सकेगी, बल्कि उस समुदाय का शिकायतकर्ता होने के कारण अगड़ी जाति (भूमिहार, ब्रा१ण, राजपूत और कायस्थ) के छात्र हमेशा निशाने पर रहेंगे। यूजीसी के नए नियमन से उबाल क्यों है यूजीसी यानी यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) ने शायद सोचा भी न होगा कि 13 जनवरी 26 को जारी उसके नये नियमन (रेगुलेशन) से देशभर में उबाल हो जाएगा। उसने तो नया नियमन सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद लागू किया था, लेकिन समाज का एक धड़ा उद्वेलित हो उठा है। सरकार बहादुर चुप हैं और शिक्षा मंत्री मूकदर्शक। यहां तक की विपक्ष की भी बोलती बंद है, लेकिन विरोध बढ़ता ही जा रहा है। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा कर दी है तो मूर्धन्य कवि वुमार विश्वास ने दिवंगत कवि रमेश रंजन मिश्र की कविता का उल्लेख करते हुए कहा है कि 'चाहे तिल लो या ताड़ लो राजा, राई लो या पहाड़ लो राजा; मैं अभागा सवर्ण हूं, मेरा रोयां-रोयां उखाड़ लो राजा।' दरअसल, वर्ष 2019 में हैदराबाद यूनिवर्सिटी के छात्र रोहित वेमुला और महाराष्ट्र की एक महिला चिकित्सक डॉ पायल तडवी ने जातीय उत्पीड़न से तंग होकर आत्महत्या कर ली थी। नतीजतन, सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी को ऐसा नियमन बनाने का निर्देश दिया था, जिससे कॉलेज में पढ़ाई के दौरान छात्रों का उत्पीड़न रोका जा सके। इसी दौरान आईआईटी ने एक स्टडी की जिसमें पाया गया कि 'वंचित जातियों के 75 प्रतिशत छात्र कॉलेज में भेदभाव का शिकार होते हैं। ऐसा नहीं है कि विश्वविद्यालयों में जातीय आधार पर छात्रों के उत्पीड़न रोकने के लिए पहले से नियम नहीं थे। साल 2012 में हिमाचल प्रदेश में रैगिग के दौरान एक छात्र की हत्या के बाद 17 दिसंबर 2012 से यूजीसी ने मान्यता प्राप्त सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में रैगिग और उत्पीड़न रोकने के लिए नियम तय किये थे।

'प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस रेगुलेशंस' नाम के नियम सिर्प सुझाव और जागरूकता के लिए थे। उसमें सजा का कोई प्रावधान नहीं था। लेकिन शिकायत झूठी पायी जाने पर जुमार्ना और दंड का प्रावधान अवश्य था। अधिकांश मामलों में रैगिग करने या उत्पीड़न की शिकायत मिलने पर संस्थान द्वारा चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता था। दोबारा शिकायत मिलने पर उत्पीड़न करने वाले छात्रों के अभिभावक को कॉलेज प्रशासन पत्र भेज दिया करता था और मामला सुलझ जाता था। कॉलेज प्रशासन की मनाही के बावजूद शिक्षण संस्थानों में रैगिग चोरी-छुपे होती रहती थी। आज भी जारी है। पहले छात्रों के बीच इतनी कटुता भी नहीं होती थी। इसका मकसद छात्रों के बीच हास-परिहास करना होता था। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश और यूजीसी के नियमन - पिछले साल जनवरी में सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी को कॉलेजों में जातीय भेदभाव की शिकायतों का डाटा इकट्ठा करने तथा नया नियमन बनाने का निर्देश दिया था। उसके बाद यूजीसी ने फीडबैक लेने के लिए एक ड्राफ्ट जारी किया, जिस पर ओबीसी के छात्रों ने आपत्ति जताई और एससी- एसटी छात्रों के साथ ओबीसी के छात्रों को भी जांच समिति में शामिल करने की मांग की। इससे पहले दिसंबर 25 में संसद की शिक्षा, महिला, बाल और युवा संबंधी मामलों की संसदीय समिति ने यूजीसी और सरकार को सौंपी अपनी रिपोर्ट में समता समिति में ओबीसी को शामिल करने की सिफारिश कर दी। इस समिति के अध्यक्ष मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिह हैं। अपने ड्राफ्ट के विश्लेषण, ओबीसी छात्रों की मांग और संसदीय समिति की सिफारिश के आधार पर यूजीसी ने इस साल 13 जनवरी को नये नियमन की अधिसूचना जारी कर दी। दो दिन बाद 15 जनवरी से यूजीसी से मान्यताप्राप्त कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में नये लागू कर दिये गए हैं। नए नियमन में क्या है खास- 1. नये नियमन के तहत यूजीसी से मान्यताप्राप्त हर कॉलेज में इक्वल अपारच्युनिटी सेंटर यानी समता समिति (ईओसी) की स्थापना अनिवार्य कर दी गयी है। समिति में एससी, एसटी, विकलांग, महिला के अलावा ओबीसी के सदस्य होंगे। इनका कार्यकाल दो वर्षो का होगा। विशेष आमंत्रित सदस्यों में भी उन्हीं वर्गो के सदस्य होंगे। हालांकि उनका कार्यकाल एक वर्ष का होगा। अध्यक्ष कॉलेज के प्राचार्य होंगे। 2. नये नियमन के तहत शिकायत मिलने के बाद समिति की रिपोर्ट पर कॉलेज के प्राचार्य अथवा यूनिवर्सिटी के उप वुलपति एक्शन लेंगे। जिसके खिलाफ शिकायत होगी उसकी डिग्री रोक दी जाएगी, आपराधिक मुकदमा चलाया जाएगा और आर्थिक दंड लगाया जाएगा। शिकायत झूठी होने पर भी शिकायतकर्ता के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। पहले गलत शिकायत करने पर आर्थिक दंड लगाया जाता था, जिसे अब समाप्त कर दिया गया है। 3. हर कॉलेज में एक इक्विटी स्क्वायड नाम की एक संस्था बनायी जाएगी जिसका काम कॉलेज में निगरानी करना और जाति के आधार पर भेदभाव को रोकना होगा। खास बात यह कि जाति आधारित भेदभाव में केवल एससी, एसटी और पिछड़ी जाति के लोग आएंगे।4. शिकायत आने पर समता समिति को 24 घंटे के भीतर बैठक बुलाकर 15 दिनों में कॉलेज प्राचार्य को कार्रवाई की सिफारिश करनी होगी। प्राचार्य 7 दिनों के भीतर उप वुलपति को रिपोर्ट करेंगे। 5. समता समिति को हर साल यूजीसी को कार्रवाई रिपोर्ट देनी होगी। विरोध का कारण - विरोध का बड़ा कारण यह है कि समता समिति में एससी, एसटी, विकलांग, महिला और ओबीसी सदस्य होने के कारण उनके छात्रों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो सकेगी, बल्कि उस समुदाय का शिकायतकर्ता होने के कारण अगड़ी जाति (भूमिहार, ब्रा१ण, राजपूत और कायस्थ) के छात्र हमेशा निशाने पर रहेंगे। उनका पक्ष भी नहीं सुना जा सकेगा। नौकरियों में आरक्षण लागू होने के कारण नौकरियां पहले ही उनके हाथ से निकल गईं, अब पढ़ाई करना भी उनके लिए दुष्कर हो जाएगा। फिर, यदि उन पर आपराधिक मुकदमा दर्ज कर लिया जाता है तो उनका भविष्य बर्बाद हो जाएगा।

लैंडिंग के दौरान क्या हुआ, कैसे टूटा संपर्क? उड्डयन मंत्रालय ने 10 प्वाइंट में बताया

(जीएनएस)।

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का विमान हादसे में निधन हो गया है। इस हादसे ने विमानों की सुरक्षा और तकनीकी गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, हादसे के बाद नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू भी बारामती पहुंच गए हैं। उन्होंने दिवंगत एनसीपी नेता को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि यह एक बहुत बड़ी क्षति है। हमने जांच के आदेश दिए हैं और पूरी डिटेल आने के बाद रिपोर्ट जारी की जाएगी।

अजित पवार के विमान हादसे के बाद कई विपक्षी दलों के नेताओं ने भी जांच की मांग की है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि यह हादसा बहुत संदिग्ध है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। अजित पवार जल्द बीजेपी को छोड़ने वाले थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी जांच की मांग की है।

नागरिक उड्डयन मंत्री रोममोहन नायडू ने बताया कि प्लेन क्रैश की डिटेल रिपोर्ट का इंतजार करना होगा। उन्होंने कहा कि अभी जांच के आदेश दिए गए हैं, लेकिन शुरूआती इनपुट मिले हैं। पूरी रिपोर्ट आने के बाद डिटेल शेयर की जाएगी।

1. बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दो प्रयासः नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू के अनुसार, सुबह 8:43 बजे अजित पवार के जेट को लैंडिंग की मंजूरी मिली, एक मिनट बाद विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ। अजित पवार के विमान ने बारामती हवाई अड्डे पर उतरने के लिए कुल दो प्रयास किए। दोनों प्रयासों के दौरान मौसम और विजिबिलिटी अहम चुनौती बने।

2. पहले प्रयास में कम विजिबिलिटी बनी बाधाः पहली बार लैंडिंग के दौरान पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) को सूचित किया कि रनवे स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रहा है। कम दृश्यता के कारण सुरक्षित लैंडिंग संभव नहीं थी।

3. ATC ने दिया 'गो-अराउंड' का निर्देशः सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अळउ ने विमान को 'गो-अराउंड' करने का निर्देश दिया। लैंडिंग रद्द कर दोबारा चक्कर लगाकर उतरने की सलाह दी गई थी।

4. दूसरे प्रयास में रनवे दिखने की पुष्टिः दूसरी कोशिश के दौरान पायलट ने अळउ को जानकारी दी कि रनवे अब दिखाई दे रहा है। इसके बाद लैंडिंग की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई।

5. ATC से लैंडिंग की अनुमतिः रनवे विजिबिलिटी की पुष्टि के बाद ATC ने विमान को लैंडिंग की औपचारिक अनुमति दे दी। यह प्रक्रिया पूरी तरह मानक प्रोटोकॉल के तहत बताई जा रही है।

अजित पवार की मौत पर भावुक सुप्रिया सुले ने लिखा ये शब्द, क्ं या इसी बहन के कारण चाचा शरद पवार से दूर हुए थे?

अजित पवार की मौत पर भावुक सुप्रिया सुले ने लिखा ये शब्द, क्ं या इसी बहन के कारण चाचा शरद पवार से दूर हुए थे?

6. अचानक टूटा संचार संपर्कः लैंडिंग की अनुमति के बाद ATC को पायलट की ओर से आवश्यक 'रीड-बैक' नहीं मिला। इसके तुरंत बाद विमान और ATC के बीच संचार पूरी तरह टूट गया।

7. रीड-बैक न मिलना जांच का अहम बिंदुः एविएशन नियमों के अनुसार, ATC निर्देश मिलने पर पायलट का रीड-बैक बेहद जरूरी होता है। इसका न मिलना जांच एजेंसियों के लिए एक गंभीर तकनीकी संकेत माना जा रहा है।

8. AAIB और DGCA की टीमें मौके परः घटना की गंभीरता को देखते हुए एयरक्राफ्ट एक्सिडेंट इनवेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB) और DGCA की टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंच चुकी हैं। विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।

9. ब्लैक बॉक्स की तलाश जारीः विमान के 'ब्लैक बॉक्स'-Cockpit Voice Recorde१ (CVR) और Flight DÔtÔ Recorder (FDR)-को बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे अंतिम पलों की तकनीकी और संवाद संबंधी जानकारी मिल सके।

10. श्क्ह प्रोटोकॉल की भी होगी जांचः नागरिक उड्डयन मंत्रालय यह भी जांच कर रहा है कि क्या खराब मौसम के बावजूद उड़ान और लैंडिंग की अनुमति दी गई। इसकी भी जांच हो रही है कि किसी तरह के वीआईपी प्रोटोकॉल का उल्लंघन हुआ या नहीं।

रितेश देशमुख और अजित पवार का क्या है रिश्ता? एक्टर ने डिप्टी सीएम की मौत पर कही ऐसी बात

(जीएनएस)।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के दुखद निधन पर देशभर में शोक का माहौल है। राजनीति के साथ-साथ फिल्म इंडस्ट्री से भी लगातार संवेदनाएं सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में बॉलीवुड अभिनेता और निमार्ता रितेश देशमुख ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट के जरिए अजित पवार को श्रद्धांजलि दी है।

डिप्टी सीएम अजित पवार का निधन

आपको बता दें कि रितेश देशमुख डिप्टी सीएम अजित पवार को प्यार से 'अजीत दादा' कहकर संबोधित करते थे। रितेश देशमुख ने भावुक होते हुए दिवंगत अजित पवार को महाराष्ट्र के सबसे प्रभावशाली और ऊजार्वान नेताओं में से एक बताया।

रितेश देशमुख का भावुक पोस्ट

-रितेश देशमुख ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए लिखा है- ये जानकर दिल टूट गया है कि हमने एक दुखद हादसे में अजित दादा को खो दिया। वह महाराष्ट्र के सबसे डायनामिक नेताओं में से एक थे। खराब परफॉर्मेंस उन्हें बिल्कुल मंजूर नहीं थी और वह अपने आसपास के हर व्यक्ति को बेहतर बनने के लिए प्रेरित करते थे।

-रितेश देशमुख ने आगे लिखा- अपनी बात बेझिझक कहना, अजित दादा की हाजिरजवाबी और उनका हास्य, ये सब उन्हें खास बनाता था। पूरे राज्य में लोग उन्हें बेहद प्यार करते थे। उनका अचानक जाना एक ऐसा नुकसान है, जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती।

-रितेश देशमुख ने लिखा- मुझे उनसे कई बार मिलने का सौभाग्य मिला और मैं हमेशा उनकी वह दयालुता याद रखूंगा, जो उन्होंने मुझ पर दिखाई। पवार परिवार, उनके प्रियजनों और लाखों समर्थकों के प्रति ऐसा था जो लोगों को प्रभावित करता था और प्रेरित भी करता था।

मेरी गहरी संवेदनाएं।

-रितेश देशमुख ने अपनी पोस्ट में अजित पवार की बेबाक शैली, बिना लाग-लपेट के बोलने की आदत, तेज 'मर और जनता के साथ गहरे जुड़ाव को खास तौर पर याद किया। उन्होंने कहा कि अजित दादा का व्यक्तित्व

रितेश देशमुख और अजित पवार का क्या है रिश्ता?

-रितेश देशमुख के पिता विलासराव देशमुख, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री थे। उनके कार्यकाल के दौरान अजित पवार कई बार मंत्री रहे और दोनों नेताओं ने अलग-अलग सरकारों में मिलकर काम किया था। खासतौर पर सहकारी क्षेत्र, सिंचाई परियोजनाएं और ग्रामीण विकास जैसे मुद्दों पर विलासराव देशमुख और अजित पवार का राजनीतिक सहयोग रहा था।

-इसी वजह से रितेश देशमुख का अजित पवार से व्यक्तिगत परिचय भी रहा है और दोनों की मुलाकातें राजनीतिक, सामाजिक और पारिवारिक आयोजनों के दौरान होती रही थीं।

देशमुख और पवार परिवारों का राजनीतिक जुड़ाव

-रितेश देशमुख के बड़े भाई अमित देशमुख (लातूर से विधायक) और छोटे भाई धीरज देशमुख भी राजनीति में सक्रिय हैं। इस कारण देशमुख और पवार परिवारों के बीच एक अप्रत्यक्ष लेकिन मजबूत राजनीतिक रिश्ता बना रहा है।

-अजित पवार के निधन पर रितेश देशमुख की प्रतिक्रिया इस बात को दशार्ती है कि महाराष्ट्र की राजनीति और मनोरंजन जगत के बीच कितने गहरे संबंध रहे हैं।

सोशल मीडिया पर उमड़ा शोक

-रितेश देशमुख की इस पोस्ट पर हजारों लाइक्स, बड़ी संख्या में री-पोस्ट और सैकड़ों भावुक कमेंट्स आए हैं। लोग अजित पवार को एक कठोर प्रशासक, ईमानदार नेता और जमीनी राजनेता के रूप में याद कर रहे हैं।

-रितेश देशमुख की श्रद्धांजलि ने अजित दादा की उस छवि को और मजबूत किया है, जिसके लिए वह जाने जाते थे। अजित पवार एक निर्णायक नेतृत्व, प्रशासनिक दक्षता और बेबाक अंदाज वाले व्यक्तित्व वाले इंसान थे।

'नागिन के लिए हाँ कहने से पहले मुझे एक सेकंड भी नहीं सोचना पड़ा' - टीवी के सबसे बड़े विलेन आकाशदीप सहगल कलर्स के नागिन 7 में शामिल हुए

कलर्स का नागिन 7, जिसमें प्रियंका चाहर चौधरी लीड रोल में हैं, न सिर्फ नाग मणि चुरा रहा है, बल्कि टीआरपी चार्ट्स पर भी राज कर रहा है और दर्शकों का दिल जीत रहा है। यह यूनिवर्स पहले से कहीं ज्यादा बोल्ड और बड़ा है, और इस शो में पावरहाउस परफॉर्मर आकाशदीप सहगल शामिल हो गए हैं, जिन्होंने पहले ही एक जबरदस्त एंट्री करके नागिन यूनिवर्स में तबाही मचा दी है। आकाशदीप ने कई आइकॉनिक विलेन के किरदार निभाए हैं, जिन्होंने भारतीय टेलीविजन पर नेगेटिव किरदारों को नए सिरे से परिभाषित किया है। अब, नौ साल के ब्रेक के बाद, वह कलर्स के नागिन 7 के साथ शानदार वापसी कर रहे हैं, जो महाशेषनागिन की जिंदगी में अभूतपूर्व उथल-पुथल मचाने के लिए तैयार हैं।

जैसे ही अनंता (प्रियंका चाहर चौधरी) अपनी खूनी शादी की तबाही से कमबैक करती है, अपने परिवार के क्रूर नरसंहार का बदला लेने के लिए एक डरावनी महाशेषनागिन में बदल जाती है, एक नया और खतरनाक दुश्मन सामने आता है। इस उथल-पुथल के बीच एरुल की एंट्री होती है, एक ऐसा विलेन जो नाग मणि की रक्षा करने और सूरी परिवार का बदला लेने के अनंता के मिशन को बेपटरी करने की मिशन पर है। उसके आने से अंधेरे का एक नया अध्याय शुरू होता है, जहाँ चुनौती पहले से कहीं ज्यादा ऊंची है और लड़ाइयाँ ज्यादा जानलेवा हैं।

टेलीविजन पर अपनी बहुप्रतीक्षित वापसी और नागिन 7 में अपने किरदार एरुल के बारे में बात करते हुए, है, लेकिन मैंने एरुल जैसा किरदार पहले कभी नहीं निभाया। यह मेरे द्वारा किए गए किसी भी किरदार से

आकाशदीप सहगल ने कहा, 'मैंने पहले भी विलेन का किरदार निभाया बिल्कुल अलग है, रहस्यमयी पोशाक से लेकर दमदार डायलॉग्स और जरूरी मनोवैज्ञानिक गहराई तक। सब कुछ एक अलग लेवल पर है। मेरी एंट्री भी शानदार तरीके से प्लान की गई थी, और मुझे इस पर बहुत गर्व है। मैंने खुद को रिचार्ज करने और फिर से खोजने के लिए नौ साल का समय लिया, और अब मैं अपने जुनून का हर कतरा इस रोल में लगा रहा हूँ। मैं हर दिन पूरी तरह से तैयार रहता हूँ, इस दमदार दुनिया में खुद को डुबो देता हूँ। जो चीज मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित करती है, वह है मेरे फैंस का अटूट प्यार। नौ साल तक स्क्रीन से दूर रहने के बाद भी, उन्होंने एडिट्स, ट्वीट्स और मेरी वापसी के लिए लगातार अपनी इच्छा जाहिर करके मुझे जिंदा रखा। इस तरह की तारीफ बहुत कम मिलती है और यह मुझे विनम्र बनाती है।नागिन जैसी लोकप्रिय फ्रेंचाइजी के लिए हाँ कहने से पहले मुझे एक सेकंड भी नहीं सोचना पड़ा। एरुल सिर्फ एक विलेन नहीं है; वह एक ताकत है, और मैं उसे पर्दे पर लाने के लिए बहुत उत्साहित हूँ।ह्व

आकाशदीप सहगल के खतरनाक एरुल के रूप में दमदार परफॉर्मेंस ने पहले ही दर्शकों को दीवाना बना लिया है, नागिन 7 में और भी ज्यादा इंटेंस ड्रामा, गहरे ट्विस्ट और रोमांचक मनोरंजन का वादा किया गया है, क्योंकि महाशेषनागिन और उसके खतरनाक नए दुश्मन के बीच महायुद्ध शुरू होने वाला है।

नागिन 7 हर शनिवार और रविवार रात 8:00 बजे, सिर्फ कलर्स पर देखें

विपुल अमृतलाल शाह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड!' का खतरनाक मोशन पोस्टर रिलीज

(जीएनएस)।

विपुल अमृतलाल शाह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड!' का मोशन पोस्टर रिलीज होते ही चर्चा में आ गया है। पोस्टर का हर फ्रेम भय, पीड़ा और सच्चाई की गहरी परछाइयों को समेटे हुए नजर आता है। यह विजुअल दर्शकों को झकझोरने वाला है और साफ संकेत देता है कि यह सीक्वल पहले से कहीं ज्यादा गंभीर और असरदार होने वाला है।

30 जनवरी को आएगा टीजर

मेकर्स ने घोषणा की है कि फिल्म का टीजर 30 जनवरी को रिलीज किया जाएगा। साथ ही यह भी दावा किया गया है कि फिल्म पूरी तरह सच्ची घटनाओं और निर्विवाद तथ्यों से प्रेरित है। मोशन पोस्टर के जरिए ही दर्शकों को यह एहसास करा दिया गया है कि कहानी इस बार और गहराई तक जाएगी।

पहली फिल्म से भी आगे जाने का दावा

'द केरल स्टोरी' के माध्यम से कड़वी और असहज सच्चाइयों को सामने लाने वाले विपुल अमृतलाल शाह अब उससे भी आगे बढ़ने की तैयारी में हैं। 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' का मोशन पोस्टर डरावना, आक्रोश से भरा और भावनात्मक रूप से झकझोर देने वाला है, जो दर्शकों को बेचैन कर देता है।

और भी भयावह सच्चाइयों की ओर इशारा

इस बार फिल्म उन पहलुओं को उजागर करने का दावा कर रही है, जो धोखे, इंसानियत और नफरत की सीमाओं से भी आगे जाते हैं। पोस्टर में महिलाओं के आंसुओं, डर और गुस्से से भरे चेहरे साफ दिखाई देते हैं, जो यह संकेत देते हैं कि सीक्वल में दिखाई जाने वाली सच्चाइयां पहले से कहीं ज्यादा कठोर और चौंकाने वाली होंगी।

सिनेमा के जरिए बेबाक सच पेश करने की कोशिश

मोशन पोस्टर बिना किसी समझौते के उस सिनेमा की झलक देता है, जो दर्शकों के सामने कड़वी हकीकत को खुलकर रखने से नहीं डरता। यह फिल्म के उस मकसद को रेखांकित करता है, जिसमें मनोरंजन से ज्यादा सच्चाई को सामने लाने पर जोर है।

पहली फिल्म की सफलता की विरासत

पहली 'द केरल स्टोरी' देश की चर्चित ब्लॉकबस्टर फिल्मों में शामिल रही, जिसने 'लव जिहाद' और 'कन्वर्जन' जैसे संवेदनशील मुद्दों पर बेबाक कहानी कहकर व्यापक बहस छेड़ दी थी। इसे एक 'ब्लैक स्वान इवेंट' माना गया और बाद में दो श्रेणियों में नेशनल अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया।

फिल्म की टीम और रिलीज डेट

'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड!' सनशाइन पिक्चर्स के बैनर तले बनी है। नेशनल अवॉर्ड विजेता कमाख्य नारायण सिंह इसके निर्देशक हैं। कहानी और स्क्रीनप्ले अमरनाथ झा व विपुल अमृतलाल शाह ने लिखा है। आशिन ए. शाह सह-निमार्ता हैं, संगीत मनन शाह का और गीत मनोज मुनताशिर के हैं। यह फिल्म 27 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

कीवी टीम ने शुरूआत से ही आक्रामक अंदाज अपनाया और दबाव बनाते हुए टीम इंडिया को 165 पर आउट कर मैच जीत लिया

भारत के खिलाफ चौथे टी20 मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 215 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया और टीम इंडिया को 165 पर आउट कर मैच जीत लिया। कीवी टीम ने शुरूआत से ही आक्रामक अंदाज अपनाया और भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा।

न्यूजीलैंड को तेज शुरूआत मिली। डेवोन कॉनवे ने 23 गेंदों में 44 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। उनके साथ विकेटकीपर बल्लेबाज टिम सिफर्ट ने शानदार पारी खेली। सिफर्ट ने 36 गेंदों पर 62 रन बनाए और 7 चौके व 3 छक्के लगाए। इन दोनों की पारियों की बदौलत टीम ने पावरप्ले में मजबूत आधार तैयार कर लिया।

मध्यक्रम में ग्लेन फिलिप्स ने 16 गेंदों पर 24 रन जोड़े। हालांकि रचिन रविंद्र और मार्क चैपमैन बड़ी पारी नहीं खेल सके, लेकिन रन गति बनी रही।

अंत के ओवरों में डेरिल मिचेल ने धमाकेदार बल्लेबाजी की। उन्होंने सिर्फ 18 गेंदों में नाबाद 39 रन बनाए और टीम को 200 के पार पहुंचाया। कप्तान मिचेल सैंटनर ने भी 6 गेंदों में 11 रन का योगदान दिया।

भारत की ओर से कुलदीप यादव और अर्शदीप सिंह ने 2-2 विकेट लिए। रवि बिश्नोई और जसप्रीत बुमराह को एक-एक सफलता मिली, जबकि एक बल्लेबाज रन आउट हुआ। बावजूद इसके भारतीय गेंदबाज न्यूजीलैंड को बड़े स्कोर से नहीं रोक सके।

लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया की खराब शुरूआत रही। धांसू फॉर्म में चल रहे अभिषेक शर्मा पहली गेंद पर गोल्डन डक पर वापस चले गए। कप्तान सूर्यकुमार यादव 8 रन के निजी स्कोर पर चलते बने। इसके बाद सैमसन एक बार फिर से फ्लॉप हो गए। वह अच्छी शुरूआत के बाद 15 गेंदों में 24 रन बना चलते बने। उनके बाद हार्दिक पांड्या भी 2 रन के स्कोर पर आउट हो गए और टीम इंडिया की हालत खराब हो गई।

रिंकू सिंह क्रीज पर टिके थे और जीत की उम्मीद भी जगाई लेकिन वह 39 रनों के निजी स्कोर पर आउट होकर चले गए। इस बीच शिवम दुबे का तूफानी अंदाज देखने को मिला। उन्होंने चौके और छक्कों की बारिश करते हुए 15 गेंदों में फिफ्टी जमा डाली। भारत के लिए यह तीसरा सबसे तेज अर्धशतक है।

धांसू बैटिंग कर रहे दुबे 23 गेंदों में 65 रन बनाकर रन आउट हो गए और कीवी टीम को वापसी का मौका मिल गया। दुबे ने अपनी पारी में 7 छक्के और 3 चौके जड़े। इसके बाद भारतीय टीम 19वें ओवर तक 165 रन बना आउट हो गई और कीवी टीम ने सीरीज में अपना पहला मैच जीत लिया। कीवी टीम के लिए सैंटनर ने 3 विकेट झटके।

बीसलपुर में सवर्ण समाज का हल्लाबोलः यूजीसी कानून वापस लो, नितिन पाठक के नेतृत्व में हजारों की भीड़

उप जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन

पीलीभीत, पीलीभीत की तहसील बीसलपुर जहां सवर्ण समाज के लोगों ने UGC कानून के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। युवा नेता नितिन पाठक के नेतृत्व में हजारों की संख्या में सवर्ण समाज के लोग एकत्रित हुए।प्रदर्शनकारियों ने मुख्य मार्ग से तहसील परिसर तक मार्च निकाला, जहां 'UGC कानून हटाओ, सवर्ण अधिकार बचाओ' जैसे नारे गूंजे नितिन पाठक ने उपजिला अधिकारी (SDM) बीसलपुर को ज्ञापन सौंपते हुए कानून को तत्काल निरस्त करने की मांग की। उन्होंने कहा, "यह कानून हमारे समाज के भविष्य को खतरे में डाल रहा है।

"प्रदर्शन की झलक भारी भीड़ः हजारों लोग तहसील पहुंचे,

मुख्य मांगः UGC कानून की वापसी और सवर्ण हितों की रक्षा।हजारों की तादाद में सवर्ण समाज के लोग सड़कों पर उतर आए और जोरदार नारेबाजी के साथ तहसील परिसर पहुंचे। जिसमें UGC कानून को तत्काल वापस लेने की कड़ी मांग की गई। नितिन पाठक ने संबोधित करते हुए कहा कि यह कानून सवर्ण समाज के अधिकारों का हनन कर रहा है और सरकार को इसे निरस्त करना चाहिए। 'UGC हटाओ, देश बचाओ' जैसे नारे गूंजते रहे,प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे और प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। ज्ञापन के बाद लोग बिना किसी हंगामे के लौट गए। स्थानीय निवासियों का मानना है कि यह आंदोलन अन्य क्षेत्रों तक फैल सकता है।

तहसील करछना मे लकटहा पनासा मे आयोजित साम ग्रुप द्वारा खेल प्रतियोगिता में मनराजी हॉस्पिटल की कबड्डी टीम विनर बनी

(जीएनएस)।

लखनऊ/प्रयागराज

प्रयागराज के तहसील करछना मे लकटहा पनासा मे आयोजित साम ग्रुप द्वारा खेल प्रतियोगिता में मनराजी हॉस्पिटल की कबड्डी टीम विनर बनी। टीम की हौसला आफजाई करते मनराजी हॉस्पिटल के डायरेक्टर माननीय डॉ0 विजय यादव जी। जो कि सामाजिक कार्यो मे बहुत ही रुच रखने व साथ ही साथ शाम ग्रुप के आयोजक माननीय मनीष जी,पुष्पेंद्र जी एवं अतुल जी को बहुत बहुत धन्यवाद। आप लोग इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करके बच्चों का उत्साह वर्धन करते रहें।

उक्त कार्यक्रम में ए च न हॉस्पिटल के डायरेक्टर माननीय गिरिजा शंकर और डॉ अशोक भारतीया व सामाजिक कार्यकर्ता ,समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी माननीय अरुण यादव ने भी बच्चों को आशीर्वाद दिया। ये आयोजन आगे भी होता रहेगा

डॉ विजय यादव (मनराजी हॉस्पिटल के प्रबंधक व संचालक) मिजार्पुर रोड वेदों

बच्चों का उत्साह देख के उनको आगे बढ़ाने के लिये आगे ऐसा प्रयास हर समय रहेगा।

पीलीभीत में यूजीसी नियमों के खिलाफ सवर्ण समाज का प्रदर्शनः

(जीएनएस)।

भाजपा नेता के नेतृत्व में काली पट्टी बांधकर निकाला पैदल मार्च

उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में यूजीसी (वक्रछ) के नए नियमों के विरोध में सवर्ण समाज ने बुधवार को बीसलपुर क्षेत्र में प्रदर्शन किया। सैकड़ों लोगों ने काली पट्टी बांधकर केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध जताया। इस आंदोलन का नेतृत्व भाजपा नेता नितिन पाठक ने किया, जिससे पार्टी के भीतर के अंतर्विरोध सामने आए हैं।

प्रदर्शनकारियों ने अपने हाथों और सिर पर काली पट्टी बांध रखी थी। यह पैदल मार्च शहर के मुख्य मार्गों से गुजरा, जिसमें सरकार की नीतियों को 'युवा विरोधी' बताते हुए जमकर नारेबाजी की गई। भाजपा नेता नितिन पाठक ने कहा कि यह लड़ाई सवर्ण समाज के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए है।

हजारों की भीड़ और विरोध की संवेदनशीलता को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट पर रहा। शहर के प्रमुख चौराहों और प्रदर्शन मार्ग पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पीलीभीत पुलिस के आला अधिकारी स्थिति की निगरानी कर रहे थे ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। प्रदर्शन के दौरान घंटों तक यातायात प्रभावित रहा।

पैदल मार्च के समापन पर भाजपा नेता नितिन पाठक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम बीसलपुर से मुलाकात की। उन्हें राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में यूजीसी के विवादित नियमों को तत्काल वापस लेने, सवर्ण समाज के हितों की अनदेखी बंद करने और शैक्षिक संस्थानों में योग्यता को प्राथमिकता देने की मांग की गई है।

पार्टी के ही पदाधिकारियों और नेताओं द्वारा अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने से जिले के सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई है। बूथ स्तर के पदाधिकारियों के इस्तीफे और कद्दावर नेताओं का सड़क पर उतरना भाजपा संगठन के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है।

मनरेगा योजना के तहत बड़ा फजीर्वाड़ा, फर्जी फोटो से मनरेगा हाजिरी,मजदूर मौके पर नहीं,लेकिन भुगतान जारी

(वर्तमान भारत)

पीलीभीत पूरनपुर। ब्लॉक पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत पटिहन में मनरेगा योजना के तहत बड़ा फजीर्वाड़ा सामने आया है कि मजदूरों की उपस्थिति फर्जी तरीके से दर्ज की गई है एनएमएमएस नियमों की धज्जियां उड़ाई गईं और सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया।

डिजिटल पड़ताल में यह सामने आया कि नाम किसी और का,फोटो किसी और की,दो फोटो की जगह सिर्फ एक फोटो,मोबाइल से मोबाइल फोटो डालकर हाजिरी,मजदूर मौके पर नहीं, लेकिन भुगतान जारी।

जिम्मेदारों के द्वारा एनएमएमएस नियमों की धज्जियां उड़ाई गई है।

नियमों के अनुसार एनएमएमएस ऐप की मदद से मजदूरों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए एक दिन में दो चरणों में फोटो लिया जाना अनिवार्य है काम शुरू होने (सुबह) और खत्म होने (दोपहर/शाम) की जियो-टैग की गई तस्वीरें लेनी होती हैं, जिसमें पहली और दूसरी तस्वीर के बीच कम से कम 4 घंटे का अंतर होना चाहिए। लेकिन यहां एक ही फोटो को लगाया गया,आरोप यह भी है कि एक ही फोटो को अलग-अलग दिनों में मोबाइल से मोबाइल फोटो का प्रयोग करके एनएमएमएस ऐप पर फर्जी तरीके से उपस्थिति दर्ज की गई है।

दिनांक 13 जनवरी एवं 16 जनवरी एवं 24 जनवरी एवं 25 जनवरी को एक ही फोटो को अलग-अलग दिन पर अपलोड करके फर्जी हाजिरी लगाई गई।

जो फजीर्वाड़े की तरफ साफ तौर से इशारा कर रहा है कि यहां फजीर्वाड़ा का खेल चल रहा है।

एनएमएमएस ऐप का दुरुपयोग करके सरकार को भ्रामक डाटा अपलोड किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार एवं पीलीभीत के जिलाधिकारी के कड़े निदेर्शों के बावजूद भी ग्राम प्रधान एवं रोजगार सेवक भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे हैं यह मामला जांच का विषय है।

घर से नाराज होकर भागे 14 वर्षीय मासूम को पुलिस ने परिवार से मिलवाया

(जीएनएस)।

लखनऊ। नाका इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा के दिशा निर्देश पर काम रहे पुलिस टीम का सराहनीय कार्य नाका पुलिस ने एक परिवार से बिछड़े मासूम को परिवार से मिलवाया। लखीमपुर खीरी से 14 वर्षिय मासूम जो घर वालों से नाराज होकर पहुंच गया चारबाग थाना प्रभारी नाका अभिनव कुमार वर्मा के आदेश पर चारबाग में पुलिस की चप्पे-चप्पे पर थी पैनी नजर। चारबाग में गस्त के दौरान एक मासूम को रोता बिलखता देख एसआई मनोज कुमार ने किया मासूम से पूछताछ तब पता चला कि वह अपने परिवार से नाराज होकर चारबाग पहुच गया। एस आई मनोज कुमार ने परिवार का पता लगाकर मासूम को किया परिवार के सुपुर्द लखीमपुर खीरी से बिछड़ा मासूम लखनऊ के चारबाग में पुलिस की मदद से पिता को सही सलामत किया गया सुपुर्द मासूम को सही सलामत पाकर पिता के चेहरे पर खिली मुस्कान पिता ने नाका इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा के साथ पुलिस टीम का किया तहे दिल से धन्यवाद अदा।

अजित पवार के बाद बचेगी या बिखरेगी एनसीपी? किसके पाले में है गेंद- सुप्रिया, शरद, रोहित या पार्थ

(जीएनएस)।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) का चुनाव चिन्ह 'घड़ी' मानो अचानक थम गया, जब खबर आई कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और एनसीपी अध्यक्ष अजीत पवार का विमान दुर्घटना में निधन हो गया है। इस घटना के बाद पूरे महाराष्ट्र में शोक की लहर फैल गई। राजनीतिक गलियारों से लेकर आम जनता तक, हर कोई इस खबर से स्तब्ध है।

पवार परिवार और पार्टी को बड़ा झटका

शरद पवार द्वारा स्थापित एनसीपी में अजीत पवार ने राजनीतिक उत्तराधिकार का दावा करते हुए अध्यक्ष पद संभाला था। हाल ही में हुए स्थानीय चुनावों में पवार परिवार की बढ़ती एकता ने दोनों गुटों के संभावित विलय की उम्मीदें जगा दी थीं। लेकिन अजीत पवार के अचानक निधन से न सिर्फ राज्य की राजनीति में खालीपन आया है, बल्कि पवार परिवार के लिए भी यह एक बड़ा व्यक्तिगत और राजनीतिक झटका है।

पहला विकल्पः दोनों गुटों का

एनसीपी के भविष्य पर मंडराते सवाल

अजीत पवार की गैरमौजूदगी और शरद पवार की घटती राजनीतिक सक्रियता के चलते अब एनसीपी का भविष्य सवालों के घेरे में है। पार्टी के सामने नेतृत्व और दिशा को लेकर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। इस मुश्किल दौर में पवार परिवार के सामने तीन बड़े राजनीतिक विकल्प उभरकर सामने आए हैं।

विलय

पहला और सबसे चर्चित विकल्प दोनों एनसीपी गुटों का विलय है। लंबे समय से इसकी चर्चा चल रही थी। पिंपरी-चिंचवड़ चुनावों में दोनों गुटों की एकता और सुप्रिया सुले का अपने 'चाचा' अजीत पवार के प्रति नरम रुख इस दिशा में संकेत माने गए थे। हालांकि चुनावी झटकों के बावजूद शरद पवार के मार्गदर्शन में नए नेतृत्व के साथ एकजुट होना बेहतर रास्ता माना जाता था, लेकिन गहरे राजनीतिक मतभेद अब भी बड़ी चुनौती बने हुए हैं।

दूसरा विकल्पः युवा पीढ़ी को नेतृत्व

दूसरा विकल्प पार्टी की कमान युवा पीढ़ी को सौंपने का है। अजीत पवार के बेटे पार्थ पवार और शरद पवार के पोते रोहित पवार इस रेस में प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। शरद पवार लगातार रोहित पवार को आगे बढ़ाते रहे हैं, जबकि पार्थ पवार अपने पिता की राजनीतिक विरासत के स्वाभाविक उत्तराधिकारी माने जाते हैं।

सामाजिक सेवा एवं दिव्यांग पुनर्वास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2026 से सम्मानित

(जीएनएस)। प्रयागराज

गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर जयपुर में आयोजित भव्य राष्ट्रीय गौरव सम्मान समारोह में प्रयागराज उत्तर प्रदेश निवासी वरिष्ठ फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर त्रिभुवन सिंह को सामाजिक सेवा एवं दिव्यांग पूर्ण वास के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय दीर्घकाली के और समर्पित योगदान के लिए राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया डॉक्टर त्रिभुवन पिछले 28 वर्षों से अधिक समय से दिव्यांग पूर्ण वास के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्यरत है उन्होंने अपने जीवन काल का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों एवं विशेष आवश्यकता वाले व्यक्तियों को सशक्त बनाया है अपने लंबे सेवा काल में उन्होंने हजारों दिव्यांग मामलों का सफलतापूर्वक उपचार एवं प्रबंध किया है , जिससे आसान बच्चों और परिवारों के जीवन में आशा आत्मविश्वास और नई दिशा का संचार हुआ है एक वरिष्ठ एवं अनुभवी फिजियोथैरेपिस्ट के रूप में डॉक्टर सिंह न केवल रोगियों का उपचार करते हैं बल्कि युवा थैरेपिस्टों के लिए मार्गदर्शन एवं मटर की भूमिका भी निभा रहे हैं वह अपने ज्ञान अनुभव और व्यवहारिक समझ के माध्यम से नई पीढ़ी के चिकित्सकों को प्रशिक्षित कर समाज के लिए सक्षम स्वास्थ्य पेशेवर तैयार कर रहे हैं डॉक्टर त्रिभुवन सिंह विभिन्न व्यावसायिक एवं सामाजिक संगठनों के सक्रिय सदस्य है तथा समय-समय पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर दिव्यांग जागरूकता कार्यक्रम एवं सामाजिक सेवा गतिविधियों का आयोजन करते रहते हैं उनका उद्देश्य चिकित्सा सेवाओं को समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुंचना है उनके उत्तर सेवाओं के लिए उन्हें पूर्व में भी अनेक प्रतिष्ठ सम्मान ऑन से नवाजा जा चुका है जिसमें सेवा सम्मान 2019 तीन वर्षों तक लगातार क्लीनिकल एक्सिस लेंस अवार्ड (2022, 2023, 2024,) तथा ECHOES OF HORIZON INTERNATIONAL CONFERENCE में BEST MENTOR AWARD प्रमुख है। इसके अतिरिक्त नोएडा,प्रयागराज, एवं बनारस जैसी प्रमुख मंजू पर दिव्यंका विषयक चचाओं में पानी लिस्ट के रूप में अपनी विशेषज्ञ राय प्रस्तुत कर चुके हैं चयन समिति के अनुसार डॉक्टर त्रिभुवन सिंह की सेवा भावना पेशेवर उत्कृष्टता, सामाजिक प्रतिबद्धता और दिव्यांग जनों के प्रति समर्पण उन्हें इस सम्मान के लिए पर्यंत योग बनता है। हिंदी उत्कृष्ट कार्यो को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गए।

क्या रिटायरमेंट के बाद सालाना 75 करोड़ कमाएंगे अरिजीत सिंह? कैसे होगी कमाई? जानकर उड़ जाएंगे होश

(जीएनएस)।

27 जनवरी 2026 की रात हिंदी म्यूजिक इंडस्ट्री के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं रही। अपनी आवाज से करोड़ों दिलों पर राज करने वाले अरिजीत सिंह ने अचानक प्लेबैक सिंगिंग से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया। खबर सामने आते ही सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया। फैंस भावुक हो उठे और सिंगर से अपना फैसला वापस लेने की गुहार लगाने लगे।

प्लेबैक सिंगिंग से क्यों बनाई दूरी?

अरिजीत सिंह के इस फैसले ने हर किसी को चौंका दिया है। सवाल एक ही था कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि देश का सबसे बड़ा प्लेबैक सिंगर माइक्रोफोन से दूरी बनाने को मजबूर हो गया।

अरिजीत सिंह ने पोस्ट में लिखी ऐसी बात

इस पर खुद अरिजीत सिंह ने अपने प्राइवेट एक्स हैंडल पर जवाब दिया। पोस्ट में उन्होंने साफ किया कि ¤ फैसला अचानक लिया गया कदम नहीं है बल्कि वह कई वर्षों से मानसिक और प्रोफेशनल रूप से इसकी तैयारी कर रहे थे।

क्या 2016 में ही तय हो गया था संन्यास का रास्ता?

ये बात बहुत कम लोग जानते हैं कि अरिजीत सिंह ने साल 2016 में ही एक इंटरव्यू के दौरान प्लेबैक सिंगिंग से हटने के संकेत दे दिए थे। उसी दौर में उन्होंने म्यूजिक इंडस्ट्री की कार्यशैली, कलाकारों की स्थिति और खासतौर पर रॉयल्टी सिस्टम पर खुलकर अपनी राय रखी थी।

-हालांकि बीते कुछ वर्षों में हालात बदले हैं। साल 2024 की स्पॉटिफाई रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय सिंगर्स की रॉयल्टी में साल 2023 की तुलना में 6 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

-इसके साथ ही कॉपीराइट

अरिजीत ने कहा था- हर गाने का हक मिलना चाहिए

अरिजीत सिंह ने साल 2018 में पिंकविला को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि रॉयल्टी जैसे मुद्दे सिंगर्स के भविष्य से सीधे जुड़े होते हैं। उन्होंने कहा था- अगर सिंगर्स को हर गाने के लिए सही रॉयल्टी मिले तो उनका भविष्य सुरक्षित हो सकता है लेकिन यही सबसे बड़ी कमी है।

अरिजीत सिंह की रॉयल्टी में जबरदस्त उछाल

(संशोधन) अधिनियम साल 2012 के तहत प्लेबैक सिंगर्स को लाइफटाइम रॉयल्टी का अधिकार मिल चुका है। अरिजीत सिंह लगातार सबसे ज्यादा स्ट्रीम किए जाने वाले इंडियन आर्टिस्ट रहे हैं, इसलिए रिटायरमेंट के बाद भी उनकी आमदनी जारी रहेगी।

क्या रिटायरमेंट के बाद सालाना 75 करोड़ कमाएंगे अरिजीत सिंह?

सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट के मुताबिक यूट्यूब चार्ट डेटा के अनुसार पिछले 365 दिनों में अरिजीत सिंह के गानों को करीब 15 अरब बार स्ट्रीम किया गया है। अगर हर स्ट्रीम पर उन्हें सिर्फ 5 पैसे भी मिलते हैं तो सिर्फ एक प्लेटफॉर्म से सालाना कमाई लगभग 75 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। ये आंकड़ा आने वाले वर्षों में और बढ़ सकता है।

रिएलिटी शो से सुपरस्टार सिंगर बनने तक का सफर

अरिजीत सिंह ने अपने करियर की शुरूआत साल 2005 में रिएलिटी शो 'फेम गुरुकुल' से की थी। हालांकि उन्हें असली पहचान मिली साल 2011 के सुपरहिट गाने 'फिर मोहब्बत करने चला' और साल 2013 में रिलीज हुई फिल्म 'आशिकी 2' के सुपरहिट गाने 'तुम ही हो' से मिली थी। इसके बाद अरिजीत सिंह ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

अरिजीत सिंह के ब्लॉकबस्टर गानें और अवॉर्ड्स

इसके बाद अरिजीत सिंह ने एक के बाद एक कई ब्लॉकबस्टर गाने दिए, जिनमें 'मन मस्त मगन', 'तोसे नैना', 'बिन्ते दिन' और 'केसरिया' के अलावा सलमान स्टारर 'बैटल ऑफ गलवान' का 'मातृभूमि' गाना भी शामिल है। अरिजीत सिंह ने अपने करियर में 2 नेशनल अवॉर्ड और 8 फिल्मफेयर अवॉर्ड्स जीते। साल 2025 में उन्हें पद्म श्री से भी सम्मानित किया गया था।